महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/अनु04/परी0के0/2023/ 1679 लखनऊःदिनांक– 25/6/2023

विषयः–सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2023 हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों, परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त केन्द्र अधीक्षक एवं स्थायी पर्यवेक्षक की संशोधित सूची प्रेषण विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परिषद पंत्राक–प्राशिप/अनु04/2023/1476 दिनांक 23.06.2023 एवं सं0 1613 दि0 24.06.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्रों द्वारा सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2023 हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूची, परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त केन्द्र अधीक्षक, सहायक केन्द्र अधीक्षक एवं स्थायी पर्यवेक्षक की सूची प्रसारित की गयी है। उक्त के कम में परीक्षा केन्द्रों आंशिक संशोधनोपरांत परीक्षा समिति दिनांक 25.06.2023 द्वारा लिए गये निर्णय के अनुक्रम में अद्यतन परीक्षा केन्द्रों एवं निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त केन्द्र अधीक्षक एवं स्थायी पर्यवेक्षक (राजकीय इंटर कालेज परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त) की सूची पत्र के साथ संलग्न कर अनुरोध है कि अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए परीक्षा के शुचितापूर्ण एवं नकल विहीन संचालन में पूर्ण योगदान देना सुनिश्चित करें।

राजकीय/अनुदानित संस्थाओं के प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि आपकी संस्था से नियुक्त किये गये स्थायी पर्यवेक्षकों को तत्काल कार्यमुक्त करने का कष्ट करें, जिससे परीक्षा केन्द्रों की समस्त औपचारिकतायें समयान्तर्गत पूर्ण करायी जा सके।

पुनः समस्त प्रधानाचार्यों एवं केन्द्र अधीक्षक से अनुरोध है कि अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा सम्बन्धी समस्त आवश्कताए एवं औपचारिकतायें पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। परीक्षा जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बर्ती जाए।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
25/6/23
(राकेश वर्मा)
सचिव

पृ0सं0ः–प्राशिप/अनु04/परी0के0/2023/ 1680-88 तद्दिनांक– 25/6/2023.

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन।
2. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/बुंदेलखण्ड क्षेत्र/पूर्वी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्र में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. केंन्द्र अधीक्षक को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
6. समस्त स्थायी पर्यवेक्षक को इस निर्देश के साथ कि अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर तत्काल पहुंचकर परीक्षा सम्बन्धी समस्त आवश्यकताएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
7. प्रभारी/अधिकारी, अनुभाग–1, 2 एवं 3 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्रा0शि0प0 उ0प्र0 लखनऊ।

25/6/23
(राकेश वर्मा)
सचिव